## अनाज, दलहन, तिलहन एवं सब्जियों के बीजों का विस्तृत पोर्टफोलियो रखने वाली कंपनी है




# 'बोम्बे सुपर हाइब्रिड सीड्स लिमिटेड'

## वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने किया शानदार वित्तीय प्रदर्शन



पिन्टुभाई जादवभाई काकड़िया
कंपनी प्रवर्तक, बोम्बे सुपर हाईब्रिड सीड लिमिटेड

**राजकोट। पूरी दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से कई कमोडिटीज की कीमतों में तेजी उछाल आया है। वहीं देश में हीट वेव से गेहूं इत्यादि की फसलें प्रभावित हुई है। ऐसे में कमोडिटीज की बढ़ती मांग को देखते हुये किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीजों की आवश्यकता है। उनकी यह आवश्यकता पूरी करने में राजकोट आधारित कंपनी बोम्बे सुपर हाईब्रिड सीड्स लिमिटेड अहम भूमिका निभा रही है। कंपनी के पास बीजों का विस्तृत पोर्टफोलियो है। कंपनी ने निवेशकों को भी काफी अच्छा रिटर्न दिया है। कंपनी ने 31 मार्च,2022 को समाप्त वित्त वर्ष में गत वित्त वर्ष के मुकाबले काफी शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी प्रवर्तक पिंटूभाई जादवभाई काकड़िया से कंपनी की कारोबारी शुरुआत, निर्माण गतिविधियां, कारोबार की वर्तमान स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन एवं भावी योजना के संबंध में जानकारी हासिल की।**

### कारोबारी शुरुआत

बोम्बे सुपर हाइब्रिड सीड लिमिटेड का इनकॉरपोरेशन वर्ष 2000 में हुआ था और कंपनी के कारोबार का नया दौर वर्ष 2005 में शुरू हुआ जब प्रबंध निदेशक के तौर पर कंपनी को पिंटूभाई जादवभाई काकड़िया ने संभालना शुरू किया था। कंपनी ने निरंतर रूप से किसानों को आधुनिक किस्म के बीज मुहैया कराने के लिए अपना फोकस नवीनतम शोध पर रखा और कंपनी किसानों की लागत कम करने में सफल हुई। इसके साथ ही कंपनी ने अनाज, दलहन, तिलहन और सब्जियों के बीजों का विस्तृत पोर्टफोलियो भी बनाया। कंपनी के बीज प्योर कल्टीवेशन, मोस्चर प्रूफ पैकेजिंग, उच्च उत्पादकता और लंबी शेल्फ लाइफ के लिए प्रसिद्ध हैं और कंपनी के बीजों से किसानों की लागत भी कम होती है। कंपनी अपने बीजों को निर्यात भी करती है।

### कंपनी के अनुभवी एवं विजनरी प्रवर्तक

कंपनी प्रवर्तक पिंटूभाई जादवभाई काकड़िया बीज निर्माण क्षेत्र का वृहद अनुभव रखते हैं। उन्हीं के विजन से कंपनी ने राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उपस्थिति कायम की है। उनका ध्येय है कि शोध के द्वारा किसानों को आधुनिक किस्म के बीज मुहैया करवाकर उनकी लागत में उल्लेखनीय कमी की जाए। आज कंपनी देश की सबसे ज्यादा बीज पोर्टफोलियो वाली कंपनी है और किसानों की आय बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभा रही है।

### एनएसई एक्सचेंज के मैनबोर्ड पर लिस्टेड कंपनी का शेयर

कंपनी का आईपीओ अप्रैल, 2018 में आया था। कंपनी के आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा समर्थन हासिल हुआ था और कंपनी के आईपीओ को 9.67 गुना अभिदान हासिल हुआ था। कंपनी ने अब तक निवेशकों को 2 बार बोनस शेयर अलॉट किये है कंपनी का वर्तमान शेयर प्राईस 401.50/- रूपये है। कंपनी का शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म से एनएसई मैनबोर्ड प्लेटफार्म पर माइग्रेट हो चुका है। कंपनी ने निवेशकों को पिछले 1 वर्ष में 115 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। शेयर मार्केट में लिस्ट होने से अब तक कंपनी का शेयर निवेशकों को 919.55 फीसदी का शानदार रिटर्न दे चुका है।

### बाजार परिस्थितियां

रूस-यूक्रेन युद्ध से मार्केट में कमोडिटीज की कीमतों में काफी इजाफा हुआ है। वहीं देश में हीट वेव से फसलें प्रभावित हो रही हैं। वहीं विशेषज्ञ देश में सामान्य से बेहतर मानसून का अनुमान जता रहे हैं। पानी की लगातार होती कमी के कारण ऐसे फसली बीजों की मांग सामने आ रही है जो कम पानी में भी अच्छा उत्पादन दे सकें। पाम तेल आपूर्ति में बाधा के चलते अन्य तिलहनों की मांग में तेजी आई है और अब भाव बढ़े हुये स्तरों पर स्थाई हो चले हैं। जीरे की कीमतों में तेजी से किसानों में जीरा फसल की तरफ अधिक रूझान है।

### कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष दर वर्ष बोम्बे सुपर हाईब्रिड सीड्स लिमिटेड अच्छा वित्तीय प्रदर्शन करती जा रही है। कंपनी ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में भी गत वर्ष के मुकाबले काफी अच्छा वित्तीय प्रदर्शन किया है। कंपनी के स्टैंडलोन ऑडिटेड वित्तीय विवरण के अनुसार 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व वर्ष दर वर्ष के हिसाब से सर्वाधिक होते हुए गत वर्ष में अर्जित 171.76 करोड़ रुपए के मुकाबले बढ़कर 194.25 करोड़ रुपए दर्ज की गई है। उक्त अवधि में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ 5.59 करोड़ रुपए से बढ़कर 10.55 करोड रुपए दर्ज किया गया है, जोकी वर्ष दर वर्ष के हिसाब से सर्वाधिक है। वर्तमान वित्त वर्ष में कंपनी का ईपीएस 10.06 रुपए रहा है। 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में कंपनी ने 29.55 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करके 1.38 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। पिछले 1 वर्ष में कंपनी के शेयर में 115 फीसदी तक की तेजी आ चुकी है। जल्द ही कंपनी 500 करोड़ रुपये की मार्केटकैप को छू सकती है।

### कंपनी की भावी योजना

बोम्बे सुपर हाइब्रिड सीड लिमिटेड निरंतर रूप से अपने बीज पोर्टफोलियो को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। कंपनी ने कई महत्वपूर्ण फसलों के ब्रीडर बीजों का अधिग्रहण किया है। कंपनी नई वैरायटी के साथ नई फसलों के बीज भी तैयार कर रही है। इसके साथ ही कंपनी कारोबार को विस्तृत रूप देने के लिए टेक्निकल एवं मार्केटिंग स्टाफ को नियुक्त कर रही है। कंपनी ने विशेषतौर पर तिलहन एवं सब्जी के बीजों के आयात-निर्यात पर फोकस बढ़ा रही है। कोरोना काल में कंपनी अपनी इन्वेंटरी को सीमित रखने में सफल हुई है। उच्च क्वालिटी पैकेजिंग मशीनों के माध्यम से कंपनी ने आदर्श इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है।

### निर्माण गतिविधियां

कंपनी वैज्ञानिक शोध के माध्यम से आधुनिक बीज तैयार करने को प्राथमिकता देती है। वर्तमान में कंपनी दलहन, तिलहन, अनाज एवं सब्जियों की विस्तृत श्रेणियों के बीज तैयार कर रही है। वर्तमान में कंपनी के पोर्टफोलियो में 27 फसलों के करीब 150 वैरायटी के बीज उपलब्ध हैं। कंपनी राजकोट, अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर स्थित है। कंपनी का राजकोट में अल्ट्रा मॉडर्न कोल्ड स्टोरेज 3 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल में स्थापित है और इसकी क्षमता 5000 मिट्रिक टन है। कंपनी में करीब 150 लोगों को रोजगार मिल रहा है और कंपनी के 1200 से ज्यादा डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर है। इसके साथ ही कंपनी अपने उत्पादों को निर्यात भी कर रही है। कंपनी की इन हाउस रिसर्च लैब है जहां पर डॉक्टर, एग्रीकल्चर एमएससी, पीएचडी होल्डर आधुनिक बीज तैयार करने का कार्य करते हैं। कंपनी लंबे समय से मेथी, धनिया एवं मूंगफली बीज निर्माण में विशेष स्थान बनाए हुए है। कंपनी वर्तमान में मुख्य रूप से मूंगफली, प्याज, बाजरा, धनिया, मेथी, शलगम, ग्वार, काला चना, तिल, मूंग, गेहूं, गाजर इत्यादि के क्वालिटी बीज तैयार कर रही है।





**EXTRACT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL STATEMENTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED ON 31st MARCH, 2022 (₹ in Lakhs)**

| SR. NO. | PARTICULAR | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-03-2022 | 31-12-2021 | 31-03-2021 | 31-03-2022 | 31-03-2021 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 2955.90 | 6297.92 | 2839.27 | 19425.72 | 17176.20 |
| 2 | Profit / (loss) for the period before exceptional and extraordinary items and tax | 155.76 | 275.56 | 172.24 | 1102.37 | 610.70 |
| 3 | Profit / (loss) for the period before tax after Exceptional Item* | 155.76 | 275.56 | 172.24 | 1102.37 | 610.70 |
| 4 | Profit / (loss) for the period after tax after Exceptional Item* | 138.37 | 267.56 | 185.35 | 1050.38 | 579.91 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period | 143.45 | 267.56 | 164.84 | 1055.46 | 559.40 |
| 6 | Equity Share Capital | 1049.37 | 1049.37 | 1049.37 | 1049.37 | 1049.37 |
| 7 | Reserves & Surplus | 2899.74 | 2756.29 | 1844.28 | 2899.74 | 1844.28 |
| 8 | Earning per equity share in Rs. | | | | | |
| 9 | - Basic | 1.37 | 2.55 | 1.57 | 10.06 | 5.33 |
| 10 | - Diluted | 1.37 | 2.55 | 1.57 | 10.06 | 5.33 |

**Notes :**

1. The financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 20th May 2022 and the Statutory Auditors of the Company have expressed an unmodified opinion on these results.
2. The company is in the business of Processing of Agriculture Hybrid Seeds and therefore the company's business falls within a single business segment of agriculture.
3. The Financial Results have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rule, 2015 (Ind AS) as notified under section 133 of the Companies Act 2013 and other accounting principles and policies to the extent applicable.
4. The financial result are also available on the Company's Website : **www.bombaysuperseeds.com** and The Exchange's Website : **www.nseindia.com**

* There were no exceptional and extra-ordinary items for the reporting period.

PBT ₹ 1102 Lakhs 80% Higher over Corresponding Previous Year

PAT ₹ 1050 Lakhs 88% Higher over Corresponding Previous Year

₹ 19426 Lakhs Highest ever Turnover than Previous Years

**By order of the Board of Directors**
**sd-**
**Mr. Arvind Kumar Kakadia**
**(Managing Director)**

**Place : Rajkot**
**Date : May 20, 2022**

**BOMBAY SUPER HYBRID SEEDS LIMITED**

**Registered Office** : Plot No. 11, Shreenathji Industrial Estate, National Highway 27, Near Kuvadva G.I.D.C, Kuvadva, Rajkot-360023. (Gujarat) INDIA · **CIN** : L01132GJ2014PLC080273

**Contact No.** : +91 96 38 96 77 96 · **Website** : www.bombaysuperseeds.com · **E-mail** : info@bombaysuper.in


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक पुनीत जैन द्वारा 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित एवं आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, 0141-2785686 E-Mail: remediesbusiness@gmail.com, businessremedies@yahoo.com